# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा / माध्य / छा.प्रो.प्र. / NMMSS /2024–25 / 12 दिनांकः यथाहस्ताक्षर

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
मुख्यालय माध्यमिक

विषयः– नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप योजनान्तर्गत चयन परीक्षा–2025 हेतु परीक्षा केन्द्रो का **शाला दर्पण पोर्टल पर मैपिंग** करने बाबत्।

नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप योजनान्तर्गत चयन परीक्षा–2025 हेतु शालादर्पण पोर्टल पर विद्यालय लोगिन से संस्थाप्रधान द्वारा ऑनलाइन आवेदन दिनांक 20.11.2024 से 16.12.2024 तक किए गए थे। चयन परीक्षा 2025 की आयोजन तिथि 19.01.2025 है। शालादर्पण पोर्टल पर चयन परीक्षा 2025 हेतु कुल 84412 विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किये गये है। उक्त क्रम में पोर्टल पर आपके कार्यालय की लोगिन कर NMMS Tab पर ब्लॉक स्तर पर कुल आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की संख्या प्राप्त कर सकते हैं। शाला दर्पण पोर्टल से प्रवेश पत्र प्राप्त करने की तिथि 10.01.2025 निर्धारित की गई है। अतः आप अपने जिले में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार ब्लॉक स्तर पर परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण करें। परीक्षा केन्द्र केवल राजकीय विद्यालयों को ही बनाया जाए। निर्धारित किये गये परीक्षा केन्द्रों की **शाला दर्पण पोर्टल पर मैपिंग** कर निम्नांकित प्रपत्र में इस कार्यालय की मेल आईडी **deo.scholar.dse@rajasthan.gov.in** पर **Exel-sheet and Pdf** ब्लॉक वार प्रेषित करना सुनिश्चित करावें।

<table>
<tr><td>जिले का नाम</td><td colspan="2">परीक्षार्थीयों की संख्या</td></tr>
<tr><td>ब्लॉक का नाम</td><td colspan="2">परीक्षार्थीयों की संख्या</td></tr>
<tr><td>क0स0</td><td>ब्लॉक में परीक्षा केन्द्र / विद्यालय का नाम</td><td>परीक्षार्थीयों की बैठक क्षमता</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td></tr>
</table>

(सीताराम जाट)
IAS
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. उपायुक्त–तृतीय शाला दर्पण प्रकोष्ठ, राजस्थान स्कुल शिक्षा परिषद,जयपुर
2. निदेशक राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उदयपुर, राजस्थान।
3. पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान बीकानेर।
4. रक्षित पत्रावली।

Signature Not Verified

Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2024.12.24 11:15:03 IST
Reason: Approved